ACE/No/Gen/23-24/105 15/5/2024

जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर

(परीक्षा : पोस्ट–परिणाम अनुभाग)

क्रमांक : जनावि / परीक्षा / 2024 / 615 दिनांक 11/5/24

:: अधिसूचना ::

विश्वविद्यालय में सत्र 2023–24 से स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम मे NEP- 2020 (National Education Policy-2020) के तहत् सेमेस्टर स्कीम लागू की गई है। NEP- 2020 के तहत् स्नातक एवं स्नातकोत्तर सेमेस्टर में विद्यार्थियों को प्रदान की जाने वाली अंकतालिका का प्रारूप एवं अंकतालिका पर मुद्रित होने वाले निर्देश, उपाधि प्रारूप तथा परीक्षा परिणाम जारी करने के नियमों का निर्धारण एवं समस्याओं के निस्तारण करने हेतु माननीय कुलपति महोदय द्वारा गठित समिति की बैठक दिनांक 19.03.2024 को दोपहर 03:15 बजे डॉ. राधाकृष्णन् सभागार मे आयोजित की गई। जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिये गये। उनकी सूचना सूचित की जाती है –

1. राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अन्तर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की अंकतालिका हेतु सम्बंधित आर्डिनेंस व अन्य अकादमिक आवश्यकताओं यथा ABC ID, NHEQF Level, Course Code : Course Name, Earned Credits from Other Sources & etc. को समाहित करते हुए अंकतालिका का प्रारूप निर्धारित किया गया।
2. बिन्दु संख्या 1 में प्रस्तावित अंकतालिका के पृष्ठभाग में राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अंकित होने वाले सम्बंधित निर्देशों का प्रारूप निर्धारित किया गया।
3. स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपाधि प्रारूप हेतु पूर्व में प्रदान की जाने वाली उपाधि प्रारूप को आधार मानते हुए उसमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 निर्देशों के अनुसार आवश्यक संशोधन यथा एबीसी आई.डी., कुलपति महोदय के हस्ताक्षर व विश्वविद्यालय लोगो के स्थान में परिवर्तन करते हुए एक प्रारूप निर्धारित किया गया।
4. राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के अनुसार सभी पाठ्क्रमों के प्रत्येक वर्ष के सम एवं विषम सेमेस्टर में सम्बंधित NHEQF Level समान अंकित करने हेतु अनुशंषा की गई।
5. समिति के विचार में विश्वविद्यालय द्वारा जारी Ordinance Related to National Education Policy (2020) में दर्शित ग्रेडिंग की गणना O.383F Relative Grading System के अनुसार ही किया जाना उचित होगा।
6. अकादमिक शाखा द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक JNVU/Aca/CCS/2024/552 दिनांक 15.04.2024 की निरन्तरता में पी.जी. डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 पाठ्यक्रमों को भी उक्त अधिसूचना में सम्मिलित किया जाता है। उक्त पाठ्यक्रमों में भी पुनर्मूल्यांकन नही किये जाने की अनुशंषा की जाती है।
7. परीक्षा : पोस्ट–परिणाम अनुभाग द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक JNVU/Exam/2024/4455 दिनांक 23.01.2024 के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा CA एवं EoSE में Over All 40 % अंक नही होने की स्थिति में विद्यार्थी आगामी सेमेस्टर में पात्र नही होगा। उक्त नियम केवल स्नात्तक. प्रथम सेमेस्टर सत्र 2023–24 हेतु लागू करने की अनुशंषा की गई।
8. Ordinance Related to National Education Policy (2020) में के संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों द्वारा CA में Over All 40 % अंक नही होने की स्थिति में विद्यार्थी आगामी सेमेस्टर में पात्र नही होगा।

कुलसचिव

क्रमांक : जनावि / परीक्षा / 2024 / 615 दिनांक : 11/5/24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. समस्त अधिष्ठाता / समस्त केन्द्राधीक्षक
2. प्रावार्य, सभी सम्बद्ध महाविद्यालय, जोधपुर संभाग।
3. निदेशक, कमला नहरू महाविद्यालय / सायंकालीन अध्ययन संस्थान।
4. वित्त नियंत्रक,जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर
5. निजी सचिव, कुलपति / निजी सहायक कुलसचिव,जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर
6. सहायक कुलसचिव, गोपनीय शाखा, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर
7. सहायक कुलसचिव, अकादमिक शाखा, जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर

सहायक कुलसचिव

Shailendra Singh
All HOD's- JNVU-Courses
NB/WB
15/5/24